# Hindi project for class 12

**Topic 1: शॉपिंग मॉल उपभोक्तावाद**
की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं इस कथन के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए उपभोक्तावाद की संस्कृति की प्रस्तुति चित्रों के माध्यम से कीजिए।

2. भारत के देहातों में अंधविश्वास आज भी लोक रीति के रूप में जड़ जमाए बैठे हैं ।ऐसे कुछ अंधविश्वासों का उल्लेख कीजिए (चित्रों द्वारा प्रस्तुति )और बताइए कि अंधविश्वास ,कर्मकांड किस तरह से समाज और राष्ट्र हित के लिए घातक है ।

3.' महामारी' क्या है ?कुछ महामारियों के नाम लिखिए और बताइए कि इन के प्रकोप से किस तरह की जन-हानि होती है ?आज कोरोना विश्वव्यापी महामारी है। कोरोना के संबंध में जानकारी दीजिए ।।कोरोना ने कहाँ-कहाँ कहर ढाया है ग्राफ के माध्यम से समझाइए ।

4. प्रकृति में गतिशीलता है, नवीनता है, और चेतनता है ।'उषा' कविता को आधार बनाकर प्रकृति की गतिशीलता का शब्द चित्र प्रस्तुत कीजिए ।क्या आप कवि के इस विचार से सहमत हैं कि प्रकृति की गतिशीलता हर कालिमा को चीर कर भविष्य को उजास की ओर ले जाने का सशक्त जरिया है।

5.दिव्यांग हमारे समाज का अंग है। आज समाज में उनके प्रति संवेदनहीनता का रवैया अपनाया जा रहा है शारीरिक चुनौती झेलते लोगों के प्रति संवेदनशील नजरिया अपनाने की जरूरत है ।अतः समाज में ऐसे लोगों के प्रति करुणा जगाने के मकसद से क्या-क्या कदम उठाए जा सकते हैं। इस दिशा में सरकार की भूमिका पर भी प्रकाश डालिए।

6.'पानी बचाओ' से जुड़े पांच विज्ञापन तैयार कीजिए जिसमे जल संकट के प्रति लोगों को चेतावनी दी गई हो।

7. कलाओं का अस्तित्व व्यवस्था का मोहताज नहीं है विषय पर परियोजना कार्य तैयार कीजिए।

8.

**बाजार की चकाचौंध से दूर परचेसिंग पावर का सकारात्मक उपयोग--(क) सामाजिक विकास के कार्यों के रूप में**
**(ख) ग्रामीण आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के रूप में।**
**9. प्रातः कालीन सौंदर्य को परियोजना कार्य के द्‌वारा सचित्र दिखलाने का प्रयास कीजिए।**
**(अलग-अलग दृश्य जैसे गांव, पहाड़ी क्षेत्र, समुद्र तट, ऊंची इमारतों के पीछे से महानगरीय सौंदर्य)**
**10. महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दीजिए। आलो आंधारि की नायिका और लेखिका बेबी हालदार और भक्तिन के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।**